[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-03/5126 2081 दिनांक-12.09.2024

**मान्यवर/मान्या,**

**सस्नेह नमस्कार!**

ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु की उष्णता युक्त नमी से शरीर शराबोर हो रहा होगा, फिर भी हम सब अपने कर्म पथ पर नियमित निरंतर बढ़ते जा रहें है। यही कार्य की पद्धति है, आप जैसे देवतुल्य कार्यकर्ता को कोटिशः नमन वंदन।

**हार में क्या जीत में किंचित नही भयभीत में।**
**कर्त्तव्य पथ पर जो भी मिला, यह भी सही वो भी सही!**
**वरदान नहीं मागूँगा, हो कुछ भी हार नहीं मानूँगा।।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षा राष्ट्र की सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक, शैक्षणिक अस्मिता का वहन ही नही करते अपितु उनकी सशक्त अभिव्यक्ति भी करती है। साथ ही हम सभी विविध तकनीक का उपयोग शैक्षणिक कार्य को गति प्रदान करने में लगें है। इस महती भूमिका के लिए आप सभी सुधीजनों का अभिनंदन व वंदन।

हम आगामी कार्य योजनाओं पर दृष्टिगत हो तथा इसके क्रियान्वयन हेतु सन्नद्ध हों, तदर्थ कुछ सूचनाएँ आपकी सेवा में संप्रेषित है।

## *विषयानुक्रम*

**संपन्न कार्यक्रम**

1. अरुणोदय सामान्य ज्ञान प्रारंभिक परीक्षा
2. अरुणोदय वार्षिक पत्रिका
3. क्षेत्रीय ताइक्वांडो एवं योगासन प्रतियोगिता
4. क्षेत्रीय बॉलीवाल एवं कुश्ती प्रतियोगिता
5. CBSE मान्यता प्राप्त A+B प्रधनाचार्य बैठक
6. प्रांतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण
7. सेवा कार्य कार्यशाला
8. संपादक मंडल की बैठक
9. अखिल भारतीय मंत्री जी का प्रवास
10. प्रांतीय समूह खेलकूद प्रतियोगिता
11. क्षेत्रीय समूह खेलकूद प्रतियोगिता
12. विभाग प्रश्नमंच प्रतियोगिता
13. क्षेत्रीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता

**आगामी कार्यक्रम**

1. अर्द्धवार्षिक परीक्षा
2. प्रांतीय खेलकूद(एथलेटिक्स) समारोह
3. प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला एवं संगणक प्रतियोगिता
4. राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता
5. क्षेत्रीय खेलकूद(एथलेटिक्स) समारोह
6. क्षेत्रीय वैदिक गणित मेला
7. प्रांतीय संस्कृति महोत्सव
8. क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव
9. क्षेत्रीय विज्ञान मेला
10. अखिल भरतीय महामंत्री जी का प्रवास

**अन्यान्य**

1. मासिक तलपट
2. विद्यालय संचिका
3. गतिविधि शुल्क
4. संस्कृति ज्ञान
5. परीक्षा शुल्क
6. अभिलेखागार
7. कमजोर जिला का सशक्तिकरण
8. प्रांतीय कार्यालय का लोकार्पण
9. चिंतन बैठक

## संपन्न कार्यक्रम

1. **अरुणोदय सामान्य ज्ञान प्रारंभिक परीक्षा :** सभी विद्यालयों में अरुणोदय सामान्य ज्ञान परीक्षा विद्यालय स्तर पर 5 अगस्त को सम्पन्न हुई। इसमें सभी विद्यालयों की सहभागिता उत्साहवर्धक रही।

2 **अरुणोदय संपादक मंडल की बैठक :** अरुणोदय संपादक मंडल की बैठक अपने निर्धारित तिथि में सम्पन्न की गई, इस बैठक में 15 की संख्या में संपादक मंडल से जुड़े कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे साथ ही अरुणोदय पत्रिका को और सुसज्जीत करने की योजना बनाई गई।

3. **क्षेत्रीय ताइक्वांडो एवं योगासन प्रतियोगिता :** क्षेत्रीय ताइक्वांडो एवं योगासन प्रतियोगिता 27 एवं 28 जुलाई को सरस्वती विद्या मंदिर विजयहाता सिवान में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में ताइक्वांडो के 237 भैया/बहन एवं योगासन के 90 भैया/बहनों ने प्रतिभागी के रुप में भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिवान जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी रहे।

4. **क्षेत्रीय वॉलीवॉल एवं कुश्ती प्रतियोगिता :** क्षेत्रीय वॉलीवॉल एवं कुश्ती प्रतियोगिता 8 एवं 9 अगस्त को सुन्दरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर बटहा, रोसड़ा में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कुल भैया/बहन–297, संरक्षक आचार्य–22, निर्णाय–10, पूर्णकालिक–2 एवं 01 प्रांतीय अधिकारी तथा समस्तीपुर के विधान पार्षद की गरिमामयी उपस्थिती रही।

5. **CBSE से मान्यता प्राप्त एवं A+B श्रेणी के प्रधनाचार्यों की बैठक :** कार्य को गति देने के लिए 10 एवं 11 अगस्त को सरस्वती विद्या मंदिर रिंगबॉध, सीतामढ़ी में CBSE से मान्यता प्राप्त एवं A+B श्रेणी के प्रधनाचार्यों की बैठक की गई। इस बैठक में पूरे प्रान्त से 42 प्रधानाचार्य एवं सभी पूर्णकालिक के साथ माननीय प्रदेश सचिव एवं माननीय संगठन मंत्री जी का स्नेहील आशीवार्द प्राप्त हुआ।

6. **प्रांतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण :** विद्यालय का आधार शिशु वाटिका है। प्रांत स्तरीय आचार्य प्रशिक्षण 24 से 28 अगस्त को सरस्वती विद्या मंदिर, फारबिसगंज में सम्पन्न हुई। इस प्रशिक्षण में महिला–50 एवं पुरुष–09 कुल 59 की संख्या रही। पूर्णकालिक–2, प्रांतीय अधिकारी–01, क्षेत्रीय अधिकारी –2 एवं प्रांतीय प्रशिक्षक–01 की गरिमामयी उपस्थिती रही। वाटिक के 12 आयामों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं गुजरात मॉडल (गाँधीधाम) पर फारबिसगंज में भी वाटिका प्रारंभ की गई जो अनुकरणीय है।

7. **सेवा कार्य कार्यशाला :** प्रांत द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय सेवा कार्य कार्यशाला इस बार दो स्थानों पर आयोजित की गई। 27 से 29 अगस्त राधकृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर जोगबनी एवं 1,2,3 सितम्बर सरस्वती विद्या मंदिर सदातपुर में सम्पन्न हुई। जोगबनी में जहाँ 30 महिला एवं 20 पुरुष की सहभागिता रही जबकी सदातपुर में 50 महिला एवं 40 पुरुषों की सहभागिता रही। सदातपुर में माननीय संगठन मंत्री का आशीर्वचन प्राप्त हुआ।

8. **अखिल भारतीय मंत्री जी का प्रवास :** 18 अगस्त से 21 अगस्त तक अखिल भारतीय मंत्री श्री ब्रम्हा जी राव का पूर्णिया विभाग में प्रवास हुआ। 19 अगस्त को शिशु वाटिका फारबिसगंज का उदघाटन, 20 अगस्त को पूर्णिया के जनजाति कार्यकर्ताओं के साथ भरना में बैठक आयोजित हुई इस बैठक में 100 से उपर जनजाति समुदाय के लोग उपस्थित हुए। 21 अगस्त को वनवासी कार्यकर्त्ता के यहाँ भोजन हुआ और उन्होंनें 18 पंचायतों के 106 जनजाति समुदाय के लोगों से वार्ता किए। उनका यह कार्यक्रम काफी प्रभावी रहा।

09. **क्षेत्रीय बास्केट बॉल एवं हैड बॉल प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता 7 एवं 8 सितम्बर को सरस्वती विद्या मंदिर सदातपुर में आयोजित थी, इस प्रतियोगिता में 172 भैया/बहन एवं 08 संरक्षक आचार्य के साथ 02 पूर्णकालिकों की उपस्थिति रही। यहाँ के विजेता भैया सीधे अखिल भरतीय खेलकुद में भाग लेंगें।

10. **विभाग प्रश्नमंच प्रतियोगिता :** सभी विभागों में 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर विभागस्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता निर्धारित स्थानों पर संपन्न हुई। उपस्थिति इस प्रकार रही

| विभाग | भैया/बहन | विद्यालय | आचार्य |
|---|---|---|---|
| पूर्णिया | 442 | 17 | 44 |
| कोशी | 190 | 08 | 18 |
| बेगुसराय | 318 | 15 | 30 |
| मुजफ्फरपुर | 275 | 14 | 19 |
| दरभंगा | 91 | 08 | 17 |
| सीतामढ़ी | 306 | 09 | 23 |
| चम्पारण | 375 | 25 | 31 |
| सिवान | 332 | 17 | 34 |

## ***<u>आगामी कार्यक्रम</u>***

1. **अर्द्धवार्षिक परीक्षा :** यह परीक्षा 09 से 23 सितम्बर 2024 तक सभी विद्यालयों में आयोजित है, परीक्षा कदाचार मुक्त और विद्या भारती के अनुरूप हो ऐसा प्रयास हो। परीक्षा या प्रश्न–पत्र से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत हो तो लिखित विषय, कक्षा आदि का वर्णन करते हुए माननीय सचिव एवं परीक्षा विभाग को भेजें।

2. **प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) 2024 :** प्रांतीय एथलेटिक्स समारोह 27 से 30 सितम्बर 2024 तक सरस्वती विद्या मंदिर सदातपुर में आयोजित है। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स से जुड़े बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग के भैया/बहन भाग लेंगें। { इसमें शिशु वर्ग का खेलकूद नही है। शिशु वर्ग पूर्व निर्धारित स्थान पर ही होगी } चूकी यह खेलकूद चार दिवसीय है, तो शुल्क–1000+100=1100 प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। सम्पर्क सूत्र– श्री अजय कुमार, प्रधानाचार्य, मोबाईल नं0–9507675471, श्री ललित कुमार राय, विभाग निरीक्षक, मोबाईल नं0–7209828908. रेलवे स्टेशन एवं बैरिया बस स्टैड पर यातायात एवं स्वागत की व्यवस्था रहेगी। प्रांतीय एथलेटिक्स में Online पंजियन होना है, 15 सितम्बर से 25 सितम्बर तक Online पंजीयन कराना है।

3. **प्रांतीय गणित-विज्ञान मेला एवं संगणक प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता 02 से 04 अक्टूबर तक गोदावरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर, नरकटियागंज में आयोजित है। शुल्क–750+100=850/– प्रति प्रतिभागी है। सम्पर्क सूत्र– श्री वाणीकान्त झा, प्रधानाचार्य, मोबाईल नं0–9430464965 एव श्री अनिल कुमार राम, जिला निरीक्षक मोबाईल नं0–9006486810, 6204945365 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

4. **राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता 01 से 05 अक्टूबर–2024 तक सरस्वती विद्या मंदिर विजयहाता सिवान में आयोजित है। अपने उत्तर बिहार अर्थात लोक शिक्षा समिति के क्षेत्र में विजेता भैया/बहन भाग ले सकेंगें।

5. **क्षेत्रीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह-2024 :** यह प्रतियोगिता 16 से 18 अक्टूबर–2024 तक बी0 एड0 कॉलेज, नरगाकोठी, भागलपुर में आयोजित है। इसमें बाल, किशोर एव तरुण वर्ग के विजेता/उपविजेता, भैया/बहन भाग ले सकेंगें। शुल्क–750+100=850/– प्रति प्रतिभागी है। यातायात की सुविद्या भागलपुर रेलवे स्टेशन से उपलब्ध रहेगी।

6. **क्षेत्रीय वैदिक गणित प्रतियोगिता-2024 :** यह प्रतियोगिता 19 से 21 अक्टूबर–2024 तक सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर, जमालपुर, मुंगेर में आयोजित है। शुल्क–750+100=850/– प्रति प्रतिभागी है।

7. **प्रांतीय संस्कृति महोत्सव :** यह प्रतियोगिता 20 एवं 21 अक्टूबर–2024 तक सरस्वती विद्या मंदिर, रिंगबॉध, सीमामढ़ी में आयोजित है। इसमें कथा–कथन, त्वरित भाषण, आचार्य संस्कृति पत्रवाचन एवं संस्कृति ज्ञान, संस्कृत तथा अंग्रेजी के प्रश्नमंच आयोजित होंगें। शुल्क–500+100=600/– प्रति प्रतिभागी है।

8. **क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव-2024 :** यह महोत्सव प्रांत से विजेता एवं उप विजेता भैया/बहनों के लिए 22 एवं 23 अक्टूबर को सरस्वती विद्या मंदिर रिंगबॉंध में आयोजित है। शुल्क–500+100=600/– प्रति प्रतिभागी है।

9. **क्षेत्रीय विज्ञान मेला-2024 :** यह मेला 26 से 28 अक्टूबर–2024 तक सरस्वती विद्या मंदिर, देवघर, झारखण्ड में आयोजित है। शुल्क–750+100=850/– प्रति प्रतिभागी है।

**10. अखिल भारतीय अधिकारी का प्रवास :** विद्या भारती के माननीय अधिकारी का प्रवास हमारे लिए ऊर्जा स्त्रोत् बनकर आता है। अखिल भारतीय स्तर पर अपने विद्यालयों की गति और बढ़े तथा निरंतर ऊँच्चाई को प्राप्त करें, इस निमित जिला सशक्तिकरण के दृष्टि से विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री श्री अवनीश भटनागर तथा अखिल भारतीय मंत्री बहन डॉ0 मधुश्री संजीव सावजी का प्रवास हमारे लिए उत्साह वर्द्धक होगा। उनका प्रवास 10 सितम्बर से 14 सितम्बर–2024 तक पूर्णिया के विभिन्न विद्यालयें में होना है। साथ ही दोनों अधिकारीयों का प्रवास अलग–अलग विद्यालयों में होना है जिसमें A+B श्रेणी के सभी प्रधनाचार्य, जिलाटोली, प्रांतीय विषय प्रमुख, छात्रावास भैया–बहन स्थानीय समिति के साथ चर्चा विचार विमर्श होना अपेक्षित है एवं सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है। यह प्रवास लोक शिक्षा समिति के लिए वरदान सिद्ध होने वाली है।

**अन्यान्य**

1. **मासिक तलपट :** पूर्व से ही सभी विद्यालयों से आग्रह किया जा रहा है कि सभी विद्यालय माह के अंत में या मासिक बैठक में ही मासिक आय–व्यय तलपट बनाए तथा एक प्रति प्रांत को भेजें। इसे अनिवार्य समझें। A+B+C श्रेणी के सभी विद्यालयों के लिए अनिवार्य है।
2. **विद्यालय संचिका :** आप सब अपने विद्यालय की सभी संचिकाएँ सजील्द एवं व्यवस्थित कर लिया होगा ऐसा विश्वास है, अभी सभी विद्यालयों का निरीक्षण होना है इससे पूर्व इसे व्यवस्थित कर लेंगें। इसे आवश्यक समझें।
3. **गतिविधि शुल्क :** अभी आप में से कुछ विद्यालयों का गतिविधि शुल्क प्रांत कार्यालय को नही भेजा जा सका है। निरीक्षण से पूर्व गतिविधि शुल्क भेजकर पावती प्राप्त करें।
4. **अभिलेखागार :** अभिलेखागार की कार्यशाला में अभिलेखागार से संबंधित बहुत सारे नियम और उसकी आवश्यकता की जानकारी दी गई होगी यह कार्यक्रम 19 एवं 20 जुलाई को पूर्णिया में आयोजित थी। शीध्र ही टेबल कॉपी बूक की एक प्रति प्रांत कार्यालय को प्रेषित करें।
5. **कमजोर जिला सशक्तिकरण :** लोक शिक्षा समिति में कुछ जिला केन्द्र पर अपना विद्यालय नही है। निकट के समिति सदस्य/प्रधानाचार्य आदि जिला केन्द्र पर अपना दीप कैसे जले इस पर विचार करते हुए जिला केन्द्र को मजबूत एवं प्रभावी बनाने हेतु सुझाव दें तथा इस पर बढ़कर कार्य करें।
6. **भूमि सर्वेक्षण कार्य :** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा बिहार में भूमि सर्वेक्षण का कार्य online प्रारंभ है। हमें अपने विद्यालय के भूमि संबंधित सभी कागजात सर्वेक्षण टीम के समक्ष प्रस्तुत कर अपनी स्थिती मजबूत करना है साथ ही निदेशालय की website-dlrs.bihar.gov.in पर online सर्वेक्षण की प्रक्रिया पूर्ण कर इसकी एक प्रति प्रांतीय कार्यालय को भेज दे। इसे आवश्यक समझें।

**प्रांतीय कार्यालय का लोकार्पण :** लोक शिक्षा समिति का मुख्य कार्यालय एम्बेस्डर पैलेस कलमबाग चौक में अमूलचूक परिवर्त्तन एवं इसे और व्यवस्थित तथा सुसज्जित किया गया है। इसमें लगभग छः माह से अधिक समय लगा है अपना मुख्यालय अब नये परिधान में अपनी महक और सुन्दर छटा विखेर रही है इसका लोकार्पण भी सभी माननीय प्रधानाचार्य जी के माध्यम से होना है, इस कार्यक्रम में अनेक अखिल भारतीय अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रांतीय अधिकारी, पूर्व अधिकारी, पूर्णकालिक कार्यकर्त्ता एवं आचार्य का आगमन सुनिश्चित किया जा रहा है। यह शुभ कार्य 15 अक्टूबर अश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को आयोजित है। इसमें आपका शुभ आगमन हो इस निमित सूचनार्थ पत्र प्रेषित है।

**चिंतन बैठक :** अखिल भारतीय चिंतन बैठक के आधार पर कुछ करनीय बिन्दु : –

1. शिक्षा में भारतीयता विषय पर सेमिनार, चर्चा, कार्यशाला, बैठक करना।
2. हमारा लक्ष्य का भवार्थ एवं एक लधु पुस्तक तैयार करना जो आसानी से समझा जा सके।
3. पंचकोषात्मक विकास की चर्चा के साथ कार्य का क्रियान्वयन हो।
4. पुस्तक स्वाध्याय हेतु रुचि बढ़ाना।
5. बोध चतुष्य पर आधरित सामग्री तैयार करना।
6. विद्या भरती का लक्ष्य अब समाज का लक्ष्य बनें इस पर कार्य करना।
7. व्यक्तिगत चरित्र से राष्ट्र चरित्र की ओर बढ़ना।
8. शिशु वाटिका मातृभाषा में प्रारंभ करना तथा गांधीधाम जैसी व्यवस्था देना
9. प्रत्येक छात्रों का हेल्थ कार्ड बनें।

**इसी विश्वास व मंगलकामनाओं के साथ–**

***इति शुभम् !***

***भवदीय***

***(रामलाल सिंह)***
***प्रदेश सचिव***